इस्पात टाइम्स
रायपुर-रायगढ़ से प्रकाशित
मंगलवार, 23-मार्च-2021

विश्व जल दिवस पर जेएसपीएल फाउंडेशन ने किया जागरूकता कार्यक्रम

दो ग्रामों में हुआ पेयजल पानी टंकी का भूमि पूजन



इस्पात टाइम्स/रायगढ़ ।जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती इसीलिए जल ही जीवन है कहा जाता है। जल है तो कल है के नारे को सार्थक बनाने आज विश्व जल दिवस पर जे एस पी एल फाउंडेशन द्वारा जल संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को पानी की महत्ता के बारे में जानकारी दी गई और जल संरक्षण को लेकर संकल्प दिलाया गया। विश्व जल दिवस के अवसर पर स्वच्छ पेयजल पानी टंकी हेतु क्रमशः दो ग्रामों में भूमिपुजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सभी ग्रामीणों ने जल को हाथों में लेकर जल को बचाने का संकल्प लिया।

जे एस पी एल फाउंडेशन द्वारा आज 22 मार्च विश्व जल दिवस के अवसर पर ग्राम कोसमपाली में जल संरक्षण को लेकर आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोगों को पीने के पानी के अस्तित्व को लेकर पानी के उपयोगिता के बारे में जागरूक किया गया। हर वर्ष विश्व जल दिवस को एक थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम "वेल्युइंग वाटर"है जिसका लक्ष्य लोगों को पानी के महत्व को समझाना है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि नमोनारायण पटेल ने जल दिवस पर जल की महत्ता को बताते हुए जल का दरुपयोग रोक जल संरक्षण करने पर जोर दिया और कहा की आज जल को बचाएंगे तभी हमारा कल सुरक्षित होगा। ग्राम कोसमपाली के सरपंच अनुसुइया मुकेश उरांव ने जे एस पी एल के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए आगे भी सहयोग की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम में मौजूद सी एस आर के उपमहाप्रबंधक शिशिर तरफदार ने पानी की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए पानी को बचाने की अपील की। इस अवसर पर ग्राम गोंटिया उप सरपंच विकास दर्शन ,पंच गीता यादव ,किरण चौहान,अनुसुइया भट्ट, गोबर्धन चौहान सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

विश्व जल दिवस के अवसर पर 05 हजार लीटर की क्षमता वाले पानी टंकी का भूमि पूजन ग्राम कोसमपाली की सबसे बुजुर्ग महिला रहसमति चौहान एवं संतोष चौहान के हाथों संपन्न हुआ। इसके अलावा ग्राम चिरईपानी में भी 05 हजार लीटर की क्षमता वाले पानी टंकी का भूमि पूजन भी संपन्न हुआ इस दौरान ग्राम चिरईपानी के सरपंच बुधवार सिंह अगरिया ,गंगा बाई धनुहार ,संजय पटेल विशेष रूप से उपस्थित थे। उल्लेखनीय है की जे एस पी एल फाउंडेशन द्वारा आस-पास के सभी ग्रामों में स्वच्छ शीतल पेयजल उपलब्ध कराने नियमित रूप से मोबाईल वैन के द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। इसके अलावा शहर में साफ पानी हेतु वाटर ए टी एम लगाए गए हैं तथा स्वच्छ शीतल पेयजल की उपलब्धता हेतु शासकीय विद्यालय एवं ग्रामों में बोर खनन कर सब मर्सिबल पम्प लगाए जाते हैं।